तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 गांव की गलियों में पहुंचकर कलेक्टर ने जाना ग्रामीणों के स्वास्थ्य का हाल















## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला 16 जुलाई को, 3146 पदों पर होगी भर्ती

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर चांपा द्वारा इस जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में अभी तक निजी क्षेत्र के 17 नियोजको से 3146 रिक्तियां प्राप्त हुआ है। जिसमें टेक्निकल फील्ड के 1216, सिक्युरिटी गार्ड 1250, फाईनेंस सेक्टर 251 व कृषि क्षेत्र में 113 व अन्य क्षेत्रों मे 316 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। संभावित तिथि तक पदों की संख्या बढ़ सकती है। उक्त मेले में जॉजगीर चांपा तथा सक्ती जिले के युवा अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए किया जा रहा आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) का पंजीयन / स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वर्ष 2023-24 में ऐसे विद्यार्थी जो संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन तथा पाठ्यक्रम का वर्ष परिवर्तन हेतु कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए थे। उन आवेदनों को शासन द्वारा अनुमोदन प्रदाय कर दिया गया है। अतः सर्व संबंधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे 07 दिवस के भीतर अपना छात्रवृत्ति आवेदन पूर्ण कर अध्ययनरत संस्था में जमा कराते हुए छात्रवृत्ति स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें।। विद्यार्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदन नहीं करने पर समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्र की होगी। छात्रवृत्ति पोर्टल में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर संबंधित विद्यार्थी कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर, पुराना कलेक्टर परिसर विवेकानंद मार्ग, जाजगीर (छात्रवृत्ति शाखा) अथवा पोर्टल में दर्ज मोबाइल नंबर पर कार्यालयीन समयावधि में संपर्क कर सकते है।

### अकलतरा से लगे ग्राम कोटमीसोनार का मामला

# भाजपा नेता के ज्वेलरी शॉप में चोरों ने बोला धावा, 8 लाख का माल पार



दुकान में जांच करती पुलिस।

#### 100 मीटर की दूरी पर भटका डॉग

कोटमीसोनार के आदित्य ज्वेलर्स में बीती रात चोरी की घटना के बाद डॉग स्क्वायड की टीम के द्वारा चोरों की खोजबीन प्रारंभ की गई। मौके पर संदिग्ध वस्तुओं को सूंघाकर खोजी कुत्ते से चोरों के बारे में पता करने का प्रयास किया गया लेकिन लगातार बारिश होने के चलते खोजी कुत्ता दुकान से 100 मीटर की दूरी पर जाकर रुक गया।

#### आदित्य ज्वेलर्स में दूसरी बार हुई है चोरी की घटना

कोटमीसोनार के अकलतरी रोड में स्थित आदित्य ज्वेलर्स में चोरी की यह दूसरी घटना है। कुछ वर्ष पूर्व भी इसी प्रकार अज्ञात चोरों के द्वारा रात के समय आदित्य ज्वेलर्स में धावा बोलकर नगदी रुपए सहित लाखों रुपए का सोनी एवं चांदी का सामान पार कर दिया गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बीती रात ग्राम कोटमी सोनार अकलतरी रोड स्थित सोने चांदी की दुकान आदित्य ज्वेलर्स में चोरों ने धावा बोलकर सोने एंव चांदी के गहनों एवं नगदी सहित 8 लाख का सामान पार कर दिया। चोरों की यह करतूत सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर एसपी विवेक शुक्ला, एएसपी राजेंद्र जायसवाल भी घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। घटना रात्रि 3 बजे आस पास की है।

अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोटमी सोनार के अकलतरी जाने वाले रास्ते पर भाजपा नेता प्रदीप सोनी के छोटे भाई संजय प्रताप सोनी आदित्य ज्वेलर्स नाम की सोने-चांदी के गहनो की दुकान है और उपर उनका परिवार निवास करता है । सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात लगभग तीन बजे लगभग तीन लोग चेहरे पर कपड़ा ढंककर दुकान के शटर में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसे और दुकान मे रखी हुई 6 किलो चांदी के गहनों अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए, 4 तोला सोने के गहनों अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए एवं लगभग 40 हजार रुपए नगदी कल लगभग 8 लाख रुपए का सामान पार कर दिया। सुबह जब संजय सोनी सोकर उठा और दुकान पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। उसने देखा कि शटर टूटा है , काऊंटर के नोट गायब है और दुकान के शो केस मे रखे सोने -चांदी के गहने भी गायब है। उसने यह सूचना घरवालो को दी तब उन लोगो ने अकलतरा थाना मे जाकर इस घटना के बारे मे बताया । घटना की जानकारी मिलने पर एसपी विवेक शुक्ला, एएसपी राजेंद्र जायसवाल ,अकलतरा थाना टी आई मणिकांत पांडे , बिर्रा टी आई दिनेश यादव के साथ-साथ एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वायड एवं बिलासपुर से साइबर क्राइम की टीम के द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी की जांच में रात लगभग तीन बजे तीन लोगो के दुकान मे घुसने का फुटेज दिखाया जा रहा है । चोरों ने दुकान से बाहर लगे दो सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये है लेकिन दुकान के अंदर लगे कैमरो ममे तीनों चोरों की तस्वीर कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरे में तीनों कर अपने साथ पेचकस, राड एवं सब्बल रखे हुए दिखाई दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस द्वारा देर शाम एआईआर दर्ज किया गया।



सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की तस्वीर।


कुएं में गिरी पिकअप।

# कुएं में जा गिरी आम से भरी पिकअप, तीन घायल

### नगरदा थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभांठा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आम से भरी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरी। पिकअप में कुल तीन लोग सवार थे। हालांकि इस हादसे में तीनों बाल-बाल बच गए। घटना नगरदा थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभांठा की है।

इस संबंध में नगरदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 2 जुलाई की है। कोरबा से आम लेकर सक्ती की ओर आ रही तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर नगरदा थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभाठा स्थित एक कुएं में जा गिरी। पिकअप में कुल तीन लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई एवं कुंए में गिरे लोगों को बचाने की कवायद शुरु की गई। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरे लोगों को काफी मशक्कत के बाद किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं मामले की जानकारी नगरदा पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची वहीं घायल लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती भेजा गया, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है। इस घटना में वाहन चालक की सामने आई है। बताया जा रहा है कि पिकअप का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था और वाहन उसके नियंत्रण से बाहर हो गया और पिकअप सीधे कुंए में जा गिरी। इस घटना में पिकअप सवार तीन लोग बाल-बाल बच गए। वहीं वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**जांजगीर-चाम्पा।** जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन में ट्रेन से कटकर एक युवक ने जान दे दी। घटना के बाद अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। चाम्पा जीआर पी पुलिस मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी हुई है।

इस संबंध में जीआरपी चौकी चाम्पा से िमली जानकारी के अनुसार मंगलवार 2 जुलाई को जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 रेल्वे कैंटीन के पास एक अज्ञात युवक उम्र करीब 35 वर्ष ने अज्ञात कारणो के चलते ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद रेल्वे स्टेशन परिसर में अफरा तफरी मच गई। वहीं मामले की सूचना जीआरपी पुलिस चाम्पा को दी गई। फिर पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं अज्ञात युवक के शव का पंचनाम उपरांत पीएम की कार्यवाही के लिए भेजा गया। वही परिजनों की पतासाजी भी की जा रही है। जीआरपी पुलिस धारा 194 जा फौ एक्ट के तहत कार्यवाही कर जांच ममें जुटी हुई है।

# अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई, दो लोगों की मौके पर मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई की घटना

तेज रफ्तार बाइक घर की दीवार से जा टकराई। घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक व चार साल की बच्ची गंभीर रुप से घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ में भर्ती कराया गया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई की है।


सड़क दुर्घटना में मृत युवक एवं इंसेट मे घायल।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाज़ार जिले के कसडोल निवासी सुमित अपने एक मित्र के साथ अपने ससुराल पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम लगरा आया हुआ था। मंगलवार 2 जुलाई की दोपहर 1:30 वह कसडोल जाने के लिए निकला। बाइक में सुमित के अलावा उसका मित्र, साला रमा शंकर विश्वकर्मा और 4 साल की बेटी संध्या बैठी थी। वे अभी शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई पहुंचे थे, तभी मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे घर के दीवार से जा टकराई। घटना में सुमित के दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुमित गंभीर रुप से घायल हो गया। इस बीच उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि उसके साले रमाशंकर के पैर में चोट आई है, वहीं मासूम संध्या के सिर में चोट आई है। दोनों घायलों का उपचार पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दुसरे मृतक की पहचान फिल्हाल नहीं हो पाई है। पुलिस मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

### सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए की हुई है स्वीकृति

# ग्राम कुरदा का मुख्य मार्ग पोखर में हुआ तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा से लगे ग्राम कुरदा में जर्जर सड़क पर कीचड़ के बीच लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। सीसी रोड़ निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद भी आज तक रोड़ का निर्माण नहीं हो सका है।

जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरदा में जनपद प्राथमिक विद्यालय बाजार चौक गांव के मुख्य प्रवेश द्वार से कबीर चौक तक सीसी रोड़ निर्माण हेतु शासन से लगभग 7 लाख रुपए स्वीकृत हुआ था, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों द्वारा पिछले कई सालों से कुरदा के बाजार चौक से माता चौरा मंदिर तक सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण कराने की मांग शासन प्रशासन से की जा रही हैं,लेकिन इस बुनियादी जन समस्याओं का निवारण हेतु शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं देने से इन दिनों खराब सड़क के चलते कीचड़ में चलने के लिए आम जनता को मजबूर होना पड़ रहा हैं। पिछले चार सालों में यहां नाली निर्माण कार्य हो, सुलभ जनशौचालय निर्माण कार्य हो,सीसी रोड़ निर्माण कार्य हो, अहाता निर्माण कार्य हो, गलियों की साफ सफाई का कार्य हो कोई भी निर्माण तथा विकास कार्य और मरम्मत कार्य हो केवल कागजों में ही हुआ है, धरातल पर नहीं। कुछ वर्ष पूर्व यहां शासकीय मद से जगह जगह सरकारी नल कूप एवं बोर उत्खन्न कराए गए हैं लेकिन आज तक उसमे हैंड पंप या मशीन नहीं लग सका है। नल कूप एवं बोर खन्न कराकर केवल सरकारी धन का दुरपयोग हुआ हैं। पिछले कई महीनों से ग्राम के कई सार्वजनिक शासकीय हैंड पंप बिगड़े पड़े हुए हैं, जिसका मरम्मत कार्य कराने कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। लोगों को पेयजल की समस्याओं से जूझना पड़ रहा हैं। गांव में सीसी रोड़,नाली एवं साफ सफाई आदि की बुनियादी जन समस्याएं व्याप्त हैं।


मार्ग में बना पोखरनुमा गड्ढा।

# पति के हत्या मामले में पत्नी प्रेमी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम गुंजियाबोड़ में प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारने के मामले में न्यायालय ने आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना ग्राम गुजियाबोड थाना हसौद की है। गणेशराम साहू 27 मार्च 2023 की रात्रि अपनी पत्नी चानेश्वरी साहू एवं उसके प्रेमी पड़ोसी प्रमोद साहू को घर में संबंध बनाते देख लिया था। तब गणेशाराम ने अपनी पत्नी चानेश्वरी एवं उसके प्रेमी प्रमोद को गाली गलौज करने लगा। इसके बाद चानेश्वरी एवं प्रमोद ने मिलकर गणेश राम को बरामदा में उसके हाथ पांव को पकड़ कर तखत के ऊपर लेटाकर गमछे को गले में लपेटकर गला घोट दिया, जिससे गणेश रामकी मृत्यु हो गई। रात्रि में सुनसान होने पर करीब 12-30 बजे गणेश राम के शव एवं मोबाइल को सोन नदी के पानी में लेजाकर फेंक दिया। वहां से दोनों घर वापस आ गए, घर जाकर गमछा को घर में छुपा दिए एवं छोटा मोबाइल व सिम को एक छोटे से संब्बल में तोड़कर जला दिए एवं उसके राख को नाली में बहा दिए। इसके बाद दोनों ने गणेशराम की गुम होने की मिथ्या सूचना हसौद थाना में दर्ज कराया। पुलिस ने इस मामले में जांच उपरांत गणेश की पत्नी चानेश्वरी साहू एवं उसके प्रेमी प्रमोद साहू को गिरफ्तार किया। वहीं विवेचना उपरांत प्रमोद साहू एवं मृतक की पत्नी चानेश्वरी साहू के विरुद्ध धारा 302 ,201 ,203 34भारतीय दंड संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जैजैपुर के समक्ष चालान प्रस्तुत किया। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बी. आर. साहू ने संपूर्ण साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान उपरांत दोष सिद्ध पाए जाने पर चानेश्वरी साहू एवं उसके पड़ोसी प्रेमी प्रमोद साहू को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 सहपठित धारा 34 के अपराध में आजीवन कारावास और 2000 का जुर्माना तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 201 सहपठित धारा 34 के अपराध में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 जुर्माना से दंडित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रकरण में पैरवी अपर लोक अभियोजक अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद साहू ने किया ।



## खबर संक्षेप



### कृष्ण वंशी यादव समाज कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**चैतमा।** कृष्ण वंशी यादव समाज कल्याण समिति भेलवाटिकरा सोसायटी के धर्मशाला लारीपारा में बैठक सोसायटी अध्यक्ष गणेश राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें सोसायटी के विभिन्न विषय में चर्चा हुई। इस अवसर पर सोसायटी के विभिन्न गांवों के यादव समाज प्रमुख देनी राम, राम कुमार, राजकुमार, संत राम, शिवलाल, नोहर, मोहन लाल, मोहपाल, रामप्रसाद, छतराम, श्याम लाल, होरी लाल, कपूर विलास, रामकुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### टंकी से घर पर लगे कनेक्शन का पानी आ रहा गंदा

**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी के अमलीपारा, झालापारा, मुख्य मार्ग व कोरबी बस्ती के ग्रामीण बिगत 15 दिनों से पीने का पानी गंदा आने से खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हास्पिटल के पास बने पानी टंकी में स्वस्छ पानी भरा जा रहा है लेकिन जहां से पानी सप्लाई के लिए वाल खोला जाता है वहां गंदा पानी भरा है जो पानी सप्लाई के साथ घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है जो पीने लायक नहीं है, ऐसा नहीं है कि इस संबंध में ग्राम सरपंच से शिकायत नहीं की गई बार बार शिकायत करने और समस्या पर ध्यान नहीं देने से आक्रोशित ग्रामीण सरपंच के निवास पहुंचकर समस्या के त्वरित निदान की मांग करने लगे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि विजय धनुहार ने जल्द ही समस्या का निराकरण करने की बात कही और सभी को स्वच्छ पानी देने की बात कही तब जाकर ग्रामीण अपने घर वापस लौटे। इस दौरान पंच सुरेश गोंड, सरजू निषाद, संतोषी साहू, रजनी राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नल चबूतरा गुणवत्ताहीन ग्रामीणों ने जताई आपत्ति



**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम बोकरामुड़ा में नल जल योजना के तहत बनाये जा रहे नल चबूतरा निर्माण में भ्रस्टाचार देखने को मिल रहा है, मटेरियल बनाने में बालू ज्यादा गिट्टी कम और सीमेंट नहीं के बतौर मिलाया जा रहा है। यह मटेरियल चबूतरा बनाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है, मजदूरों से पूछने पर बताये की ठेकेदार ने ऐसी मटेरियल बनाने के लिए बोले है, यह निर्माण मनमाना ढंग से कराया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों ने सही मटेरियल से मजबूत नल चबूतरा बनाने की मांग की है ऐसे में चबूतरा नहीं टिक पायेगा। ठेकेदार निर्माण कार्य में पैसे बचाने के चक्कर में निर्माण कार्य की गुणवत्ता में समझौता कर कार्य कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सही मात्रा में सीमेंट, गिट्टी और रेत का उपयोग करें तभी यह टिक पायेगा और ग्रामीण इसका सही उपयोग कर पायेंगे अन्यथा उपयोग करने से पहले ही यह टूट कर उपयोगहीन हो जायेगा।

### छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने अधीक्षक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** महासंघ कोरबा वृत्त के प्रतिनिधियों ने अधीक्षण अभियंता के नाम से सहायक अभियंता श्रीमती ममता राय, कार्यपालन अभियंता शहर संभाग एन एल पटेल तथा कोरबा ग्रामीण संभाग के कार्यपालन अभियंता बी बी नेताम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुख रूप से उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट विद्युत सप्लाई प्रदान करने हेतु 33 गुणा 11 केवी सबस्टेशन में व्याप्त समस्याओं एवं कर्मचारियों की मांगों एरियर्स राशि, एडिशनल वेजेस,पुनर्पदांकन व पदोन्नति प्रक्रिया का अविलंब निराकरण करने तथा वर्तमान में सबस्टेशन आपरेटरों के विगत 10 दिनों से हड़ताल में जाने पर नियमित एवं संविदा कर्मियों से बिना साप्ताहिक अवकाश दिए लगातार 12 घंटे के स्थान पर 8 घंटे कार्य लिए जाने के विषय पर सकारात्मक चर्चा की गई। इस दौरान महासंघ से नवरतन बरेठ, प्रदेश महामंत्री, अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## दर्री तहसील अंतर्गत सर्वाधिक 114 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

# रातभर हुई बारिश से नदी-नालों में बाढ़, आवासीय परिसरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार-सोमवार की दरमियानी रात से शुरु हुई बारिश के सुबह तक लगातार होने के कारण ग्रामीण अंचलों के नदी नालों में जहां बाढ़ आ गई। वहीं शहर के कई आवासीय परिसरों में रात के समय बारिश का पानी घरों में घुसने की भी घटनाएं हुई जिससे लोगों को रात जाग कर गुजारनी पड़ी। निचली बस्तियों में दीवारें गिरने की भी मामले सामने आए हैं। पिछले तीन दिन से जोरदार हुई बारिश से दीवारे और छतों के छप्पर गिरने की घटनाएं शहरी और ग्रामीण अंचलों में हुई हैं।

**खास बात**

- रातभर जागे चिमनीभट्ठा मोहल्लेवासी

दो दिन पूर्व तेज बारिश के कारण शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्यमार्गों में पानी भर गया था। वहीं निचली बस्तियों में पानी भरने की स्थिति निर्मित हुई। शहर के कई ऐसे निचली बस्तियां हैं जहां मानसून के पहले ही कुछ हिस्सों में पानी पहुंच गया है। वहीं मुख्यमार्गों की हालत आवागमन के लायक नहीं रही। 30 जून व 1 जुलाई के मध्य रात्रि से शुरु हुई बारिश सुबह 8 बजे तक जारी रही। लगातार बारिश के कारण नदी नालों और कुंआ का जल स्तर बढ़ जाने से जहां पानी के संकट को लेकर समस्याएं खड़ी हुई थी अब वहां स्थितियां अनुकूल हो चुकी है। बारिश के दर्ज आंकड़े यह बताते हैं कि अभी भी ग्रामीण अंचलों की तुलना में शहरी क्षेत्र में बीते दो दिन से ज्यादा बारिश हुई है। ग्रामीण अंचलों के तहसील, अजगरबहार, भैसमा, करतला, पसान व पोड़ी उपरोड़ा में सबसे कम बारिश दर्ज हुई है। शहरी क्षेत्र में बारिश का यह आंकड़ा ग्रामीण अंचलों की अपेक्षा दोगुना दर्ज किया गया है। शहरी क्षेत्र से गुजरने वाले दो बड़े नाला ढेंगुरनाला व दोंदरों नाला में पहाड़ी क्षेत्रों का पानी आने से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। अजगरबहार व चुईया के बीच बहने वाले पहाड़ी नाले का पानी भी छोटी पुलिया के उपर से बह रहा था। हालांकि लोक निर्माण विभाग के द्वारा बड़े पुल का निर्माण कर दिए जाने के कारण स्थितियां आवागमन के लायक बनी रही। हालांकि एप्रोच रोड निर्माण नहीं होने की वजह से भारी वाहन मिट्टी के रोड में फंसते रहे। शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों के आवासीय परिसर में भी बारिश का पानी अंदर तक घुस गया था। नालियों का निर्माण नहीं होने से यह स्थिति हर साल निर्मित हो रही है।




बारिश के पानी से लबालब हुआ ढेंगुरनाला।

**कहां कितनी बारिश**

| तहसील | वर्षा (मिमी) |
|---|---|
| कोरबा | 106 |
| अजगरबहार | 45.0 |
| भैसमा | 60.3 |
| करतला | 60.3 |
| बरपाली | 37.2 |
| कटघोरा | 85.4 |
| दीपका | 51.6 |
| दर्री | 114 |
| पाली | 111 |
| हरदीबाजार | 38 |
| पोड़ी उपरोड़ा | 40 |
| पसान | 21 |
| योग | 770.6 |

### सेक्टर 5 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में घुसा पानी



लगातार बारिश से सेक्टर 5 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बालको में इसका असर देखने को मिला है। बालको कॉलोनी और नेहरू नगर बस्ती से आने वाली मुख्य नाली है। उस नाली के ऊपर दुकान का निर्माण किया गया है। इस नाली के ऊपर हो जाने के कारण नाली बार-बार जाम हो रही है। नगर निगम द्वारा सफाई करने के बावजूद बारिश के मौसम में नाली जाम हो जाता है।

### बारिश से कोयला उत्पादन प्रभावित



पिछले दो दिन से लगातार बारिश के कारण कुसमुंडा खदान में कोयला उत्पादन प्रभावित हों रहा हैं। कुसमुंडा खदान में कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ है खदान के फेस में कई जगह पानी जमा होने के कारण उत्पादन में दिक्कत हो रही है। लगातार बारिश की वजह से मिट्टी कटाई कार्य में परेशानी हो रही है, खदान में वर्षा के कारण मशीन से मिट्टी कटपना मुश्किल हो जाता है लगातार तीन-तीन बारिश होती रही है इससे खदानों के फेस में पानी भर गया है। बारिश के कारण खदानों में मशीनों का संचालन सावधानी से करना पड़ रहा है बारिश होने पर खदान में भारी वालों का आगमन व मशीनों का संचालन मुश्किल हो जाता है। सड़क फिसलन भरी होने की वजह से डंपर के परिचालन में काफी दिक्कत होती है दुर्घटना की आशंका रहती है। हर बार बारिश में ओपन कास्ट खदान से उत्पादन प्रभावित होता है इस बार भी बारिश से ओपन कास्ट मन क्षेत्र में कम पर असर पड़ा है।

### मुड़ापार बस्ती के घरों में घुसा पानी



घर के अंदर भी पानी, घर के बाहर भी पानी जहां देखों वहां पानी ही पानी। पहली ही बारिश ने दून के पुराने जख्म को फिर कुरेद दिया। हर साल की तरह मुड़ापार फिर जलमग्न हो गया। एक बार फिर नगर निगम के बड़े-बड़े दावे धराशायी हो गए। नालियों में भरा कचरा और सीवर की गंदगी लोगों के घरों तक पहुंच गई। घरों में बारिश का पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मुड़ापार रिंग रोड पर मारुति शो रूम की वर्कशाप के यार्ड में पानी में भी जल भराव देखने को मिला। यहां यार्ड में रखे सभी सोल्ड गाड़ियों को कर्मचारियों के द्वारा बाहर निकाला गया। जहां यार्ड तालाब में तब्दील नजर आया।

# देसी शराब की बोतलों में मिले कीड़े, ग्राहकों ने किया हंगामा



शराब के बोतल में दिख रहा कीड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में देसी शराब की बोतल में कीड़े मिल रहे हैं। सोमवार को रामपुर देसी शराब दुकान में एक नहीं बल्कि कई बोतलों में कीड़े पाए गए जिसे लेकर ग्राहकों ने शराब दुकान के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। शराब की बोतलों के ढक्कन भी पहले से खुले हुए मिले। लोगों का कहना है कि यहां मिलावटी शराब बेची जा रही है। अमरैया पारा निवासी रामेश्वर कुमार ने बताया कि वह काम करने जा रहा था। इस दौरान वह रामपुर स्थित देसी शराब दुकान से देसी शराब लिया। शराब लेने के बाद कुछ दूरी पर उसे बोतल के अंदर कीड़ा नजर आया। जिसे देखकर वह हैरान रह गया। इसके शिकायत उसने देसी शराब दुकान के मैनेजर से की। लोगों ने कहा कि जब उन्होंने सेल्समैन को कीड़ा मिलने और बोतल का ढक्कन खुला होने की जानकारी दी तो कहा गया कि हम कुछ नहीं कर सकते। सरकार पैक करवा कर भेजती है, जिसे हम बेचते हैं। एक शख्स ने देसी शराब दुकान परिसर में बड़ी संख्या में पड़े ढक्कन को दिखाते हुए बताया कि बोतल के ऊपर यह ढक्कन सिर्फ रख दी जाती है। इसकी सील टूटी होती है। हमे संदेह है कि मिलावटी शराब बेची जा रही है। शराब में कीड़े और मिलावट का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी हरदी बाजार, अमरेली समेत अन्य कई देसी और अंग्रेजी शराब दुकान में मामले आ चुके हैं। जिसे लेकर संबंधित विभाग ने कार्रवाई भी की थी।

# सब स्टेशन निर्माण से बिजली समस्या से मिलेगी निजात : प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कटघोरा क्षेत्र के लिए 33/11 के.व्ही. विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। विभागीय अधिकारी अधीक्षण अभियंता पी. एल.सिदार उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष रतन मित्तल, प्रोजेक्ट के कार्यपालन यांत्रिकी अभिमन्यु कश्यप, कटघोरा कार्यपालन यांत्रिकी गढेवाल की मुख्य उपस्थिति में एवं नगरपालिका के उपाध्यक्ष बजरंग लाल पटेल, पार्षद आत्मा नारायण पटेल, सतीश जायसवाल, ओम प्रकाश डिकसेना, जिला मंत्री संजय शर्मा, रघुराज उईके, जितेंद्र जोशी, संजीत सिंह उपस्थित रहे। 2 करोड़ की लागत से निर्माण होने वाले सब स्टेशन के निर्माण से कटघोरा क्षेत्र के 10 गांव व 7 वार्डो को विधुत आपूर्ति की जावेगी। जिससे बिजली समस्याओं से प्रभावित क्षेत्र वासियों को परेशान नही होना पड़ेगा। ज्ञात हो कि यह कार्य मेसर्स. कव्वाल इलेक्ट्रिकल के द्वारा कराया जाएगा जिससे जल्द जल्द पूर्ण कराकर कटघोरावासियों को बड़ी सौगात के रूप में दिया जावेगा।



विधायक का स्वागत करते अधिकारी।

# जमीन का सीमांकन नहीं होने की समस्या लेकर कलेक्टर से फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से लगभग 65 किमी दूर श्यांग तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर में जमीन का सीमांकन नहीं होने जैसी छोटी समस्या को लेकर ग्रामीण जनदर्शन में कलेक्टर से मिलने फरियाद करने पहुंच गए। उनकी माने तो लगातार पटवारी आरआई और तहसीलदार के चक्कर काटने के बाद सीमांकन करने के लिए केवल आश्वासन दिया जा रहा है।

राजस्व न्यायालयों में सीमांकन फौती बटवारा, नामांतरण जैसे प्रकरणों के लंबित रहने पर उनके निराकरण के त्वरित निर्देश दिए जा रहे हैं उसके बावजूद राजस्व अमला ग्रामीण अंचलों के दूर दराज के क्षेत्रों में ग्रामीणों के आवेदन देने के बाद भी उनके निराकरण के लिए नहीं पहुंच रहा है। सीमांकन जैसे छोटा सा मामला जिसका निराकरण तहसीलदार के न्यायालय में ही किया जा सकता है लेकिन ऐसे छोटे मामले भी जिला मुख्यालय में कलेक्टर के पास जनदर्शन में पहुंच रहे हैं। इससे यह जाहिर होता है कि कहीं न कहीं तहसील में बैठे अफसर उदासीनता बरत रहे हैं। नहीं तो सीमांकन जैसी छोटी सी समस्या लेकर कलेक्टर के पास फरियाद करने ग्रामीण नहीं पहुंचते। मदनपुर ग्राम के ग्रामीण और एक पूरा परिवार अपने जमीन को लेकर पिछले एक माह से परेशानी झेल रहे हैं। परिवार में 22 सदस्य हैं और सभी का नाम जमीन के खाते में दर्ज है, किंतु कुछ हिस्सों में गांव के दबंग लोगों ने कब्जा करना शुरु कर दिया है। लगातार तहसील के राजस्व अधिकारियों से फरियाद करने बाद जब राजस्व अमला सीमांकन के लिए विवाद निपटारे हेतु नहीं पहुंचा तो मजबूरन भरी बरसात में 65 किमी से दूर एक पूरा परिवार और ग्रामीण जिलाधीश के दरबार में पहुंच गये।



कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

**बारिश में प्रतिबंद की जानकारी**

15 जून से 15 अक्टूबर तक मानसून का सीजन होने के कारण ग्रामीण अंचलों में खेतों में फसल लगाए जाने की वजह से सीमांकन पर रोक लगाई जाती है। राजस्व अमले से यह जानकारी भी सामने आई है कि मानसून के दौर में खेती की जमीन पर सीमांकन किए जाने पर सरकारी निर्देश के तहत रोक लगी रहती है जिसकी वजह से सीमांकन का काम विशेष स्थिति में ही किया जाता है।

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। जनचौपाल में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनचौपाल में हरदीबाजार के ग्रामीणों ने क्षेत्र में सिटी बस संचालन की मांग की। जनचौपाल में अतिक्रमण हटाने, आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने, बैंक से लोन, सीमांकन कराने तथा छात्रावास में एडमिशन कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े।

# 33 केवी का पोल धराशाई, 50 गांवों में छाया रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले 24 घंटे से जिले के कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है जिसके चलते जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर एक गांव के समीप 33 केवी की तीन विद्युत पोल धराशाही हो गए थे जिसके चलते दो सब स्टेशन में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी और लगभग 50 से अधिक गांव में अंधेरा छा गया था। दूसरे दिन देर शाम को इलाके में विद्युत व्यवस्था तो बहाल कर लिया गया लेकिन अभी भी कई इलाकों में अंधेरा छाया हुआ है।

**खास बात**

- ग्रामीण क्षेत्र के उमरेली के समीप 33 केवी की तीन पोल हो गई थी ध्वस्त

मामला कोरबा ग्रामीण क्षेत्र के सोहागपुर व तुमान सब स्टेशन की है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा से इस इलाकों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। बताया जाता है कि रविवार की शाम लगातार हो रही तेज बारिश व आंधी के चलते ग्राम उमरेली के समीप 33 केवी की तीन पोल धराशाही हो गए थे। जिसके चलते सोहागपुर सब स्टेशन व तुमान सब स्टेशन में विद्युत आपूर्ति ध्वस्त हो गई थी। जिसके चलते इन दोनों सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले 50 से अधिक गांव में अंधेरा छा गया था। विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू की। तब उन्होंने पाया कि उमरेली के समीप तीन पोल धराशाई हो गए थे।



धराशाई पोल।

**ठेका कर्मियों की हड़ताल हुई समाप्त**

जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन हैं। जिन सब स्टेशन का संचालन विद्युत विभाग द्वारा जेबीएस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। जेबीएस ठेका कंपनी के अधीन लगभग 200 से अधिक ठेका कर्मी सब स्टेशन में चार अलग-अलग पालियों में ड्यूटी करते हैं। इन सभी ठेका कर्मियों को जेबीएस नामक ठेका कंपनी द्वारा 2 महीने का ना ही वेतन दिया गया है और ना ही 6 महीने का बोनस दिया गया है। ठेका कर्मी लगातार अपने वेतन के लिए ठेकेदार व अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं ताकि उनका घर परिवार चल सके लेकिन गुहार लगाने के बाद भी उनका वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिसे लेकर 22 जून से सभी ठेका श्रमिक हड़ताल पर थे। 9 दिनों बाद आखिरकार ठेका कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है। अधीक्षण यंत्री पीएल सिदार की पहल पर ये हड़ताल समाप्त हुआ है। विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने विभागीय रुप से वेतन आहरण की स्वीकृति प्राप्त कर ली है जहां अप्रैल महीने का भुगतान जल्द किया जाएगा तो वहीं मई महीने का भुगतान भी जल्द करने का आश्वासन दिया गया है।

# वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 41 मिलियन टन के पार

**कोरबा।** एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 41.95 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वहीं हाल ही में समाप्त हुए जून महीने में कंपनी ने 14 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हासिल किया है।

कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी जून माह एवं वित्तीय वर्ष की किसी भी पहली तिमाही में यह अब तक का यह सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। कोयला उत्पादन के साथ-साथ एसईसीएल ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही में देश भर के बिजली संयन्त्रों को रिकॉर्ड 47.50 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तिमाही की तुलना में इसमें 7 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। ओवर बर्डन रिमूवल की बात करें तो कंपनी द्वारा जून 2024 को समाप्त तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 92.32 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया है जोकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही से 6.35 मिलियन क्यू.मी. (7.3 प्रतिशत) अधिक है। कंपनी ने 31.33 मिलियन क्यूबिक मीटर के साथ किसी भी जून माह में सर्वाधिक ओबीआर का नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले वर्ष जून में कंपनी ने 26.04 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर किया था और इस प्रकार इस इस जून माह में कंपनी ने ओबीआर में 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।


# पसान में 8 तो कुदमुरा पहुंचे 13 हाथी, किया गया सतर्क

**कोरबा।** जिले के कोरबा वन मंडल में कुदमुरा रेंज के कनकीखार में 13 हाथियों का झुंड मडरा रहा है वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज से 8 हाथियों का झुण्ड एक बार फिर केंदई रेंज के ग्राम लालपुर पहुंच गया है। इसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग सहित चोटिया-कोरबी मार्ग पर आने-जाने वालों को सतर्क किया जा रहा है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड भोजन की तलाश में शाम को सडक़ पार करते हैं। हाथियों की निगरानी करने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी नजर रखे हुए हैं। हाथी अभी गांव के पास नहीं जा रहे हैं। उधर एतमानगर रेंज के बंजारी गांव में 23 तथा जटगा के मुकुवा में 13 हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों की निगरानी संबंधित अमले द्वारा की जा रही है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 13 हाथी डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के इस झुण्ड को सोमवार की सुबह यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 में विचरण करते हुए देखा गया।

TOP IN JANJGIR

जैन स्वीट्स
लिंक रोड, पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां पारंपरिक ट्रेडिशनल फैन्सी मिठाई ड्राईफ्रुट मिठाई, छेना, खोवा अन्य छप्पन प्रकार के मिठाई एवं स्वादिष्ट ताजा नमकीन प्राप्त करें।
नास्ता खम्मन ढ़ोकला, कचौड़ी, फाफड़ा
8889821151, 8871779942

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444



# बच्चों को चकाचौंध से दूर रखना चाहते हैं आयुष्मान

**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना और ताहिरा फिल्मी जगत के चर्चित चेहरे हैं, ऐसे में दोनों को फैंस का काफी प्यार भी मिलता है। आयुष्मान को अपने काम की वजह से लोगों की नजरों में रहना पसंद है। वह अक्सर सार्वजनिक जगहों पर देखे भी जाते हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों को ऐसी सार्वजनिक उपस्थिति से दूर रखना चाहते हैं। वह अपने दोनों बच्चे विराजवीर और वरुष्का को फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर रखना चाहते हैं। इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि वह फोन कर के पैपराजी को अपने बच्चों की तस्वीरें लेने के लिए नहीं बुलाते, क्योंकि उन्हें लगता है बच्चों को खुल कर जीने की आजादी होनी चाहिए।

## लाइफStyle



# तब्बू फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्म 'ओम शांति ओम' कई वजहों से फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने वाली ये फिल्म 17 साल बाद एक फिर से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर तब्बू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

फिल्म में कैमियो करने वाले सभी सितारों को शाहरुख खान की तरह से महंगे उपहार मिले थे।'ओम शांति ओम' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह उस साल की सुपरहिट फिल्म थी। यह बॉलीवुड की एकलौती फिल्म है, जिसमें 40 से अधिक बड़े-बड़े सितारों ने कैमियो किया था। इस कैमियो में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू का भी नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गाने के लिए सभी ने अपने पर्सनल रिलेशन और समझ के साथ इस फिल्म के गाने को किया था। गाने को लिए मेकर्स ने किसी को फीस नहीं दी थी। हालांकि तब्बू ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। फिल्म की कमाई की बात करें तो, फराह खान के निर्देशन बनी इस फिल्म को शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने प्रोड्यूसर किया था। इस फिल्म के मेकर्स ने करीब 40 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था, जिसने दुनिया भर में 150 करोड़ की कमाई की। साल 2007 की ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। आपको याद दिला दें कि तब्बू यहां जिस गाने की बात कर रही हैं वह गाना है 'दीवानगी दीवानगी'। इस गाने में जूही चावला, काजोल, करिश्मा कपूर, लारा दत्ता, मलाइका अरोड़ा, मिथुन चक्रवर्ती, प्रीटी जिंटा, प्रियंका चोपड़ा, रानी मुखर्जी, रेखा, सुष्मिता सेन, रितेश देशमुख, सैफ अली खान, सलमान खान, संजय दत्त आदि ने शानदार कैमियो किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ए एंग्री बर्ड्स...' का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' के प्रोडक्शन को शुरू करने का ऐलान हो चुका है। सीरीज की तीसरी फिल्म रेड और चक के रोमांच को जारी रखेगी। इसमें एक बार फिर जेसन सुदेइकिस रेड की आवाज बनेंगे और जोश गैड फिर चक की आवाज के रूप में वापसी करेंगे। डीएनईजी एनिमेशन इस फिल्म के लिए एनिमेशन की कमान संभालने वाला है। हालांकि, कास्टिंग से जुड़ी और खबरों की ओर भी जल्द ही घोषित की जाएंगी।'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' पहली दो एंग्री बर्ड्स फिल्मों की सफलता के बाद आ रही है।




# एमसीयू के बाद अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था। डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं।



# कैंसर पीड़ितों को नहीं डरना चाहिए...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने जिस दिन इस बात का खुलासा किया था, तभी से उनके चाहने वाले उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इसी बीच, अब हिना खान ने कैंसर से जंग लड़ रहे लोगों के लिए एक खास संदेश साझा किया है। साथ ही इस बात की भी उम्मीद जताई है कि उनकी यह यात्रा लोगों को प्रेरणा देने का काम कर सकती है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी कैंसर से लड़ने की यात्रा को लेकर लिखा कि यह उन सभी साहसी महिलाओं और पुरुषों के लिए है, जो कैंसर की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी यात्रा इतनी साहसी और प्रेरक हो कि लोग अपनी कहानियों में एक नया पन्ना खोल सकें।




# 'द बकिंघम...' 13 सितंबर को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को रिलीज डेट मिल गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'हम 'द बकिंघम मर्डर्स'की रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी'। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

## टीवी मसाला




# बिग बॉस से पायल के बाहर होने पर पति अरमान खुश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हुए पूरे एक हफ्ते हो चुके हैं। इस एक हफ्ते में दर्शकों को काफी ड्रामा देखने को मिला। रविवार की रात पायल मलिक को बिग बॉस के घर से बाहर होना पड़ा। बिग बॉस के सभी प्रतिभागी पहले दिन से ही इस शो में अपने पैर जमाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिख रहे हैं। पायल मलिक के घर से बाहर होने के बाद उनके पति अरमान के रिएक्शन ने सभी को चौंका दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बाहर होने वाली दूसरी प्रतिभागी पायल मलिक हैं। उनका निष्कासन हुआ। पायल का घर से जाना बाकी प्रतिभागियों के लिए बेहद चौंकाने वाला था। पायल के घर से बेदखल होने के बाद कृतिका पूरी तरह से टूटी हुई नजर आईं। वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें संभालने के लिए अरमान उनके पास आएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान अरमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पायल शो से चली गईं। अरमान ने कहा कि वह चाहते थे कि वह शो में बनी रहें और लड़ें, लेकिन अब जब वह चली गई हैं, तो वह भी इस बात से खुश हैं। मालूम हो की पायल मलिक अरमान की पहली पत्नी हैं। बाद में अरमान ने उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली।

## घर से बेघर होते ही नीरज गोयत ने इन प्रतियोगियों पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत से ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों का काफी मनोरंजन हो रहा है। शो के



पहले हफ्ते में ही मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जनता के कम वोटों के कारण बॉक्सर नीरज गोयत घर से बेघर हो गए। वहीं, अब नीरज ने बाहर आते ही सभी प्रतियोगियों की पोल-पट्टी खोल दी है। बॉक्सर ने हर किसी की गेम का खुलासा कर प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। नीरज ने मिड वीक में ही अपने एविक्शन पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे अच्छा खेलने का मौका नहीं दिया गया। मेरा एविक्शन कोई पचा नहीं सकता। बाहर आकर मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं देखीं। वे मुझे उस घर में और देखना चाहते थे। मुझे नहीं लगता कि मेरे वोट कम थे।'

# धमाकेदार हैं कालीन भैया के ये डायलॉग सोशल मीडिया पर खूब हुए वायरल

**नई दिल्ली।** मशहूर सीरीज 'मिर्जापुर 3' 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। जैसे-जैसे इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। सीरीज के पहले और दूसरे सीजन ने भौकाल काट दिया था। तीसरे सीजन को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं। इसके पहले दो सीजन में कई सारे संवाद ऐसे थे जो लोगों की जुबान पर आ गए। इन डायलॉग्स के सोशल मीडिया पर खूब मीम्स भी बनें। पहले और दूसरे सीजन में सबसे ज्यादा वायरल, जबरदस्त और प्रभावशाली संवादों में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया) का डायलॉग रहा है। मिर्जापुर के सीजन 2 से कालीन भैया का डायलॉग 'जो आया है, वो जाएगा भी बस मर्जी हमारी होगी' ने प्रशंसकों को काफी प्रभावित किया। इस संवाद में लोगों को कालीन भैया की शक्ति और आत्मविश्वास की झलक मिली। इसके दूसरे सीजन से ही कालीन भैया का एक और संवाद काफी मशहूर हुआ, जिसमें वह 'गद्दी पर चाहे हम बैठें या मुन्ना, नियम सेम होंगे' कह रहे हैं। इस डायलॉग को भी काफी पसंद किया गया। लोगों ने इससे जुड़े खूब मीम्स बनाएं।




# ब्लॉकबस्टर फिल्म '36 घंटे' की है गोल्डन जुबली

## राज कुमार-माला सिन्हा की अद्भुत थ्रिलर सस्पेंस कहानी

**नई दिल्ली।** 1974 में बनी राज तिलक द्वारा निर्देशित हिंदी फिल्म '36 घंटे' की 1 जुलाई सोमवार को गोल्डन जुबली थी। यह एक थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म थी। आइए जानते हैं 50 साल पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी। '36 घंटे' को आज रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में राज कुमार, माला सिन्हा, सुनील दत्त, विजय अरोड़ा, परवीन बॉबी, रंजीत, डैनी डेन्जोंगपा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 1955 की अमेरिकी फिल्म 'द डेस्परेट ऑवर्स' का रीमेक है, जिसे जोसेफ हेस के 1954 के उपन्यास से रूपांतरित किया गया था।




जेल में बंद तीन अपराधी हिम्मत सिंह (सुनील दत्त), उसका भाई अजीत सिंह (रणजीत) और दिलावर खान (डैनी डेन्जोंगपा) जेल से भागकर संपादक अशोक राय (राज कुमार) के घर पर कब्जा कर लेते हैं। भागने वाले अपराधी अशोक राय, उनकी पत्नी दीपा राय (माला सिन्हा), बेटे राजू और बेटी नैना (परवीन बॉबी) को बंधक बना लेते हैं। अपराधी तब तक परिवार को बंधक बनाए रखने की योजना बनाते हैं, जब तक कि उनकी सहयोगी कामिनी (सोनिया साहनी) उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं करती।

### बॉक्स ऑफिस पर की जमकर कमाई

फिल्म में कई अभिनेताओं ने काम किया है। फिल्म '36 घंटे' उस समय की ब्लॉकबस्टर फिल्मों से एक है। फिल्म ने बॉक्सऑफिस पर खूब जमकर कमाई की थी। इस फिल्म में कई अभिनेताओं ने एक साथ काम किया था। ये ऐसे तीन भाइयों की कहानी है, जो अपराधी होते हैं। फिल्म में हिम्मत सिंह का किरदार सुनील दत्त ने निभाया है, जो कि एक अपराधी है। इसमें हिम्मत का भाई अजीत सिंह भी अपराधी होता है, इसका किरदार अभिनेता रणजीत ने निभाया है। इन दोनों का एक और भाई है, जिसका नाम दिलावर खान है, जिसका किरदार डैनी डेन्जोंगपा ने निभाया है।

## 'हिचकी' टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही ऐसी लड़की की कहानी है जो शिक्षक बनना चाहती है

# शिक्षा व्यवस्था पर बनीं फिल्में, असमानता और भेदभाव जैसे मुद्दों पर की चोट

*मुंबई। सिनेमा जगत में शिक्षा व्यवस्था पर बहुत कम फिल्में बनती हैं। अधिकतर फिल्मों में स्कूल का दृश्य तभी देखने को मिलता है, जब दर्शकों को मुख्य किरदार के बचपन की कहानी की थोड़ी-बहुत झलक दिखानी होती है। इस विषय के सूखे के बावजूद कुछ फिल्में ऐसी आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग ढंग से अहम मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। 'चॉक एन डस्टर', 'हिचकी', 'स्टेनली का डब्बा' और 'हिंदी मीडियम' ऐसी फिल्में हैं, जिनमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर बात की गई है। इनमें भेदभाव, असमानता, स्कूल में समावेशिता की जरूरत और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया है।*

### स्टेनली का डब्बा

'स्टेनली का डब्बा' साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। फिल्म की कहानी एक स्कूल के लड़के के इर्द गिर्द चलती है, जो लंच बॉक्स लेकर नहीं जाता है। फिल्म स्कूल के बच्चों के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रोशनी डालती है।





### हिचकी

'हिचकी' फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी देखने को मिलती है, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही होती है और एक शिक्षक बनना चाहती है। 'हिचकी' फिल्म पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता पर बात करती है। इसका निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने मुख्य किरदार अदा किया है।




### चॉक एन डस्टर

'चॉक एन डस्टर' को साल 2016 में रिलीज किया गया था। इसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षक के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म शिक्षा के व्यवसायीकरण और शिक्षकों पर पड़ने वाले दबाव पर भी बात करती है। इसका निर्देशन जयंत गिलातर ने किया है। फिल्म में जूही चावला ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

### हिंदी मीडियम

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'हिंदी मीडियम' में एक ऐसे पति-पत्नी की कहानी दिखाई गई है, जो मध्यम वर्ग से आते हैं और अपनी बेटी का दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में कराना चाहते हैं। यह फिल्म समाज का अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में असमानता के मुद्दे पर बात करती है। इसका निर्देशन साकेत चौधरी ने किया है। फिल्म में इरफान खान के साथ-साथ सबा कमर, दीपक डोबरियाल और नेहा धूपिया समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त होने पर वरिष्ठ लिपिक को दी गई भावभिनी विदाई




**अकलतरा।** तागा हायर सेकण्ड्री के वरिष्ठ लिपिक रामकुमार शर्मा के सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार द्वारा विदाई दी गई। इस मौके पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य व्ही पी कश्यप ने कहा की रामकुमार शर्मा का व्यक्तित्व सरल व सहज रहा है। इनके द्वारा कोषालय से लेकर जिला कार्यालय तक के सभी कार्य सहर्ष किया जाता रहा है। प्रतिदिवस शाला मे समय पर उपस्थित रहते रहे है। शाला के प्रधानपाठक एल पी पाण्डे ने कहा की शासकीय सेवा की अपनी निर्धारित नियमावली होती है जिसमे आना जाना लगा रहता है उसी क्रम मे हमारे वरिष्ठ साथी ने भी सफलता पूर्वक अपनी सेवानिवृत्ति पूर्ण की है इसके लिए वो बधाई के पात्र है। संकुल समन्वयक अनुभव तिवारी ने कहा की अधिकारियों कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है। परंतु कुछ अधिकारियों कर्मचारियों ऐसे भी होते हैं जो अपना कार्य की बदौलत छाप छोड़ जाते हैं। जिसे लोग भूल नहीं पाते हैं। विदाई समारोह को श्रीमती आर पाण्डेय ने कहा की रामकुमार शर्मा का व्यक्तित्व सरल व सहयोगी के रूप मे रहा है इनसे हमेशा हमे कुछ न कुछ सीखने को मिला है। कार्यक्रम का सफल संचालन बसंत मरकाम ने किया व आभार प्रदर्शन एल पी पाण्डे ने किया। इस मौके पर रामनाथ खरे, बसंत मरकाम, विवेक पाटले, चंद्रप्रकाश महतो, नन्दलाल साहू, उमेश चौहान, रविशंकर कौशिक, आर पाण्डेय, अपराजिता सिंह, डोली , शारदा थवाईत साहू द्रौपदी मानिकपुरी, अनामिका तिवारी, फणिन्द्र कौशिक, मुकेश कैवर्त, शिवकुमार शुक्ल, रामेशर यादव, उदय पाल बैस, अंजली सिंह, पदमिनी शर्मा एवं शाला के कर्मचारी उपस्थित थे।

### वेस्ट जोन राष्ट्रीय सीनियर पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में धनंजय का चयन

**अकलतरा।** 2 अगस्त से 4 अगस्त 2024 को चितौड़गढ़ (राजस्थान) में आयोजित होने वाले वेस्ट जोन सब जुनियर ,जूनियर, सीनियर मेंस एंड वूमन क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में ग्राम लटिया ( अकलतरा) के युवक धनंजय यादव का चयन हुआ है। धनंजय यादव 59 किलो ग्राम वजन सीनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। धनंजय यादव की उपलब्धि पर कोच विघ्नेश कुमार , डी एल फिटनेस क्लब व कृष्णा साहू के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।



### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव




**खरौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रकांत तिवारी सदस्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुबोध शुक्ला पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद ने की।शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। अपने संबोधन में सुबोध शुक्ला ने कहा कि इस संस्था का गौरवशाली इतिहास रहा है। पूरे क्षेत्र में पढ़ाई व खेलकूद में इसकी प्रसिद्धि थी। शाला में बहुत सुंदर बगीचा हुआ करता था।हमें पुनः उस गौरव को प्राप्त करना है।शाला भवन में अहाता नहीं है इसके निर्माण के लिए हम सब को प्रयास करना होगा।यहां राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई खोला जाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रकांत तिवारी ने छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मंडल में अपनी नियुक्ति को इस संस्था की देन बताया। उन्होंने बताया कि मैं यहां का छात्र रहा हूं। यहां की प्रगति के लिए कोई भी कार्य करना मेरा सौभाग्य होगा। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद सोनाऊ राम गुप्ता, पार्षद भवानीशंकर साहू,बिहारी लाल भारद्वाज,धनसाय यादव,उमाशंकर साहू,भरत लाल यादव, दशरथ यादव विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एच एल घृतलहरे,विद्यालय के समस्त स्टॉप,पालकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जागेश्वर सिदार द्वारा किया गया।

### वार्ड नंबर-1 एवं 2 के रहवासी गली में पसरी गंदगी से हो रहे परेशान



**बिर्रा।** बम्हनीडीह विकासखण्ड अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के वार्ड 1-2 के रहवासी गली में पसरी गंदगी से खासे परेशान है। उन्हें गली में आने जाने में हर समय परेशानी होती है। वर्तमान में बारिश का मौसम आ गया है, ऐसे में गली में पसरी गंदगी से उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

जल जीवन मिशन के कार्यों का लिया जायजा, लक्ष्य अनुरूप कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

# गांव की गलियों में पहुंचकर कलेक्टर ने जाना ग्रामीणों के स्वास्थ्य का हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान का जायजा लेने मंगलवार 2 जुलाई को कलेक्टर आकाश छिकारा बम्हनीडीह एवं अफरीद पहुंचे। उन्होंने यहां चल रहे स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान का अवलोकन किया। नागरिकों के घर-घर पहुंचकर उन्होंने उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और उन्होंने स्वस्थ जांजगीर-चांपा के तहत चलाये जा रहे अभियान का अधिक से अधिक लाभ लेने नागरिकों से अपील भी की।

कलेक्टर स्वास्थ्य अमले से कहा कि हितग्राहियों को अभियान के तहत आयुष्मान भारत, सघन टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल, एवं मोतियाबिंद एवं दिव्यांगता सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देकर लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत हथनेवरा एवं पिपरदा में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति, हितग्राहियों की संख्या और पानी टंकी की क्षमता की जानकारी ली और सभी ग्रामीणों के घरों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन गांव, गरीब एवं आमलोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अफरीद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक सखी के द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी ली और उन्होंने बीसीसखी को पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान सहित अन्य भुगतान शिविर लगाकर करने कहा। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, एसडीएम चांपा निरनिधि नंदेहा, जनपद सीईओ कुबेर उरेती, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी उपस्थित थे।



घर पहुंचकर नागरिकों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते कलेक्टर आकाश छिकारा।

#### नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच बैठे कलेक्टर, बांटी टॉफी

कलेक्टर आकाश छिकारा ने आंगनबाड़ी केंद्र पुछेली में बच्चों के साथ बैठकर उनसे बातचीत की और उनसे कुछ प्रश्न पुछकर उनके सवालों से प्रसन्न होकर टॉफी बांटी। उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों को दी जाने पोषण आहार की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से 3 से 6 वर्ष के बच्चो में कुपोषण की जानकारी, बच्चों को दिए जा रहे गरम भोजन की जानकारी ली तथा निरीक्षण पंजी का जायजा भी लिया। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए आने वाली सामग्रियों और पेयजल हेतु लगाए गये नल कनेक्शन का भी अवलोकन किया गया।

#### हाई स्कूल पुछेली का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने हाई स्कूल पुछेली का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 10 वीं के बच्चो को परीक्षा एवं पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन दिए। उन्होंने परीक्षा की तैयारी कैसे की जाय किस तरह समय सारणी अनुसार तैयारी करनी है एवं उन्होंने सप्ताहिक टेस्ट, माह में टेस्ट की व्यवस्था की जा रही है उसके बारे में विद्यार्थियों को बताया। इसके साथ ही कलेक्टर ने बच्चों की दर्ज की संख्या की जानकारी ली तथा शिक्षकों की उपस्थिति एवं साफ सफाई की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वास्थ्य केन्द्र सारागांव के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित स्टाफ, परिसर की साफ-सफाई, स्टॉक पंजी, दवाईयों की उपलब्धता सहित मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें।

## बीच सड़क में पेड़ होने से आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



तहसील चांपा अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 03 ग्राम कुरदा के वार्ड नंबर 09 एवं 10 में जोरवा गली में आम रास्ता व बीच सड़क स्थित विशाल पीपल के पेड़ होने से लोगों को आवागमन करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं।

रोड़ के बीच में पेड़ के होने से रास्ता इतना संकरा हो गया है कि जिससे लोग आमने सामने से मोटर साइकिल या साइकिल या पैदल भी एक साथ चल नही सकते, इस पेड़ के नीचे कई लोगो का मकान भी है, जिससे भारी आंधी तूफान आने पर घरों के ऊपर पेड़ का गिरने का खतरा एवं जान माल का खतरा मंडराते रहता हैं। वहीं यदि इस मोहल्ले में किसी का तबीयत खराब होने पर आपातकाल में मरीज को अस्पलाल ले जाने रास्ते के बीच पेड़ के होने से एंबुलेंस मुहल्ले में नहीं जाती है। यदि कोई आंगजनी की घटना होने पर आपातकाल में अग्निसमान वाहन भी नहीं पहुंच पाता। रास्ते के बीच पेड़ होने से लोगो को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।सड़क के बीच स्थित इस पीपल झाड़ को कटवाने मोहल्ले वासियों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील चांपा में पांच छै माह पूर्व आवेदन दिया गया है, जिसके अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा तीन चार माह पूर्व मौका जांच एवं स्थल निरीक्षण भी कर लिया गया है तथा ग्राम के हल्का पटवारी के द्वारा विभाग के आदेश के परिपालन में स्थल निरीक्षण मौका जांच कर , पेड़ एवं स्थल का नजरी नक्शा और पंचनामा बनाकर भी तीन चार माह पूर्व विभाग में जमा किया जा चुका हैं। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा रास्ते के बीच स्थित पेड़ को कटवाने आगे कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। अब बारिश के दिनों में भारी आंधी तूफान आते ही रहता हैं एवं गाज गिरने की भी संभावना बनी रहती हैं जिससे पेड़ के नीचे निवासरत लोगों को मकान के ऊपर पेड़ का गिरने और जान माल का खतरा व डर मंडराते रहता हैं। मोहल्ले के लोग आश लगाए हुए हैं की इस आम रास्ता से पेड़ कब तक हटेगा, जिससे लोगों को होने वाली कई दिक्कतो से छुटकारा मिल सके।

■ आंधी तूफान आने पर घरों के ऊपर गिरने का मंडरा रहा खतरा

## आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनायी गयी ब्रह्माकुमारीज़ की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे की पुण्य तिथि

**अकलतरा।** कोटसोसुनार ब्रह्माकुमारीज़ प्रभु-अनुराग भवन में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में ब्रह्माकुमारीज़ की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे की 59वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा नें कार्यक्रम में उपस्थित साधकों को मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का जीवन परिचय देते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा जी का जन्म 1919 में अमृतसर में एक सामान्य परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम 'ओम राधे' था। वे ब्रह्म मुहूर्त में दो बजे उठकर तपस्या किया करती थीं। उन्हें कभी भी किसी बात में क्रोध अथवा आवेश भी नहीं आया। वे शान्ति की अवतार व प्रेम की मूर्त थी। जब मातेश्वरी ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थी, तो पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी। इसलिए वह 'ओम राधे ' के नाम से लोकप्रिय हुए। मातेश्वरी ने 24 जून 1965 को अपने नश्वर देह त्याग करके पूर्णता को प्राप्त किया था। इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान के देश-विदेश के सदस्य "आध्यात्मिक ज्ञान दिवस" के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान ओम राधे के जीवन पर आधारित नाटक क़ी प्रस्तुति अनुराग केवट, होरीलाल, लक्ष्मी, बी के भविष्य के द्वार दी गई। रेखा कुमारी केवट के द्वारा ओ मेरी प्यारी मम्मा तू है जग की माँ गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया । अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से साधक उपस्थित रहे।



## ड्रिल कंपटीशन, ग्रुप डांस एवं सामूहिक गान में एनसीसी कैडेट ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

7 वी सीजी एनसीसी बिलासपुर का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जेके इंजीनियरिंग कॉलेज गतौरा बिलासपुर में कैंप कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव राय के नेतृत्व में हुआ। शिविर में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के एनसीसी के 15 जे डब्लू कैडेट व 38 जेडी कैडेट कुल 53 कैडेट एवं एनसीसी अधिकारी मोहम्मद जफरुल्लाह शामिल हुए। कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स को फौज के तौर तरीके व आर्मी की पढ़ाई जैसे एफसी बीसी मैप रीडिंग ,हेल्थ हाईजिनिंग, जनरल सब्जेक्ट ,पीटी परेड एवं ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही हथियार से संबंधित प्रशिक्षण एवं विभिन्न बारीकियों की जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। ड्रिल कंपटीशन में राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल के एनसीसी कैडेट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रुप डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सामूहिक गान में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेडी कैडेट्स नैतिक कुमार आदिले को ट्रूप कमांडर बनाया गया एवं उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए बेस्ट कैडेट का मेडल से सम्मानित भी किया गया। शिविर समापन के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन जेके इंजीनियरिंग कॉलेज के फाउंडर इंजी. जे खान , डायरेक्टर आशीष सिंह ,कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव राय, सूबेदार मेजर उदय कुमार की उपस्थिति में किया गया। एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कृत होने पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य , शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

■ संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर मे राजेंद्र कुमार सिंह शाला के एनसीसी कैडेट्स ने जीते कई पुरस्कार



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी।

## पढ़ाई तिहार में माताओं ने लिया बढ़ चढ़ कर हिस्सा

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय प्राथमिक शाला झालरौंदा में अंगना म शिक्षा 3.0 के अन्तर्गत पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 3 तक के 43 माताओं ने हिस्सा लेकर बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जागरूकता दिखाई। विद्यालय की शिक्षिका चंचला द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए माताओं को बच्चों की शिक्षा से जोड़ने के लिए कई प्रकार की गतिविधि कराई गई। बच्चों के बौद्धिक विकास करने के लिए प्रेरित करते हुए माताओं का उन्मुखीकरण किया गया तथा नवप्रवेशी बच्चों का सपोर्ट कार्ड के द्वारा आकलन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान माताएं अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाते नजर आई। कार्यक्रम के दौरान माताओं द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा की देख रेख में सम्पन्न हुआ।




## सेवानिवृत्त होने पर शर्मा को दी गई विदाई

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय टीसीएल स्नात्कोत्तर महाविद्यालय जांजगीर से रजिस्ट्रर प्रभात शर्मा 40 वर्ष 6 माह की गौरवमयी सेवा पूर्ण कर 30 जून को सेवा निवृत्त हुए। 30 जून रविवार होने के फस्वरूप 01 जुलाई को रजिस्ट्रार प्रभात शर्मा का महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

उक्त समारोह में महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण के साथ कई पूर्व सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। साथ ही नवागढ़, केरा के प्राचार्य डॉ. पटेल विशेष रूप से सम्मिलित हुए, प्राचार्य प्रोफेसर रमाकांत पाण्डेय एवं डॉ पटेल के साथ- साथ अन्य प्राध्यापकों द्वारा प्रभात शर्मा के कार्यकाल के दौरान कौशल, नियमों की निपूर्णता, गहरी समझ और व्यवहारकुशल कार्यशैली उनके पूरे कार्यकाल की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ एम.आर. बांजारे के द्वारा भावभिनी विदाई के पश्चात महाविद्यालय में प्रतिभोज का आयोजन किया गया ततपश्चात गाजे बाजे एवं रंग गुलाल के साथ श्री शर्मा को महाविद्यालय स्टाफ घर तक छोडऩे गए।



## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 2 जुलाई को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में सक्ती निवासी अनिल शर्मा ने जेठा रेलवे स्टेशन में इतवारी टाटानगर ट्रेन के ठहराव के लिए आवेदन लेके पहुंचे, तहसील बाराद्वार अंतगर्त ग्राम केसला, नवागाँव, बरपेल्हाडीह के समस्त ग्रामवासीयों द्वारा राजस्व ग्राम की मांग के संबंध में, ग्राम देवरघटा के फोहारा सतनामी द्वारा पेंशन दिलवाने के संबंध में, ग्राम देवरीमठ निवासी श्रीमती समारीन बाई द्वारा पीडब्लूडी के सड़क निर्माण में आये जमीन का मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम भोथिया निवासी राकेश चंद्रा द्वारा ग्राम पंचायत भोथिया के जर्जर रोड को रिपेयर करने के संबंध में, ग्राम आडिल निवासी श्रीमती सोनाई बाई साहू द्वारा महतारी वंदन योजना का राशि नहीं मिलने के संबंध में, ग्राम जुड़गा निवासी खगेश्वर प्रसाद द्वारा पीएमश्री योजना का लाभ दिलाये जाने, ग्राम देवरीमठ निवासी बाबूलाल चौहान द्वारा ऋण पुस्तिका में खसरा नंबर दर्ज कराने, ग्राम नवापाराकला निवासी श्री परमेश्वर पटेल, शिवचरण पटेल द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने, ग्राम चंदेलीडीह निवासी सुश्री ममता चंद्रा द्वारा दिव्यांग पेशन और शिक्षा के लिए सहयोग राशि दिलाये जाने सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा राजस्व, आवास, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे।

■ संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश



जनदर्शन में लोगों की समस्या सुनते कलेक्टर।

## कौशल दक्षता वृद्धि के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आचार्यों में कौशल दक्षता वृद्धि हेतु दो दिवसीय वार्षिक कार्ययोजना कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्धघाटन चंद्रकांत तिवारी सदस्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य एवं दिवाकर स्वर्णकार प्रांतीय खेल प्रमुख विद्या भारती छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में प्रारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने विद्या भारती के विद्यालयों में इस प्रकार के कार्ययोजना एवं कार्यशाला का आयोजन को सराहते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु व्याख्यान करते हुए विद्यालय में लागू करने को कहा। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा विषय लिया गया जिसमें दिवाकर स्वर्णकार सरस्वती शिक्षा संस्थान प्रतिनिधि द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय की संकल्पना, आधारभूत विषय, अनुभव जन्य अधिगम, गेंदराम राजपूत विभाग समन्वयक बिलासपुर एवं कोरबा द्वारा अभिभावक सम्पर्क के महत्व, लालमणि चंद्रा प्राचार्य शिवरीनारायण द्वारा विद्यालय में संस्कारक्षम वातावरण एवं गतिविधि आधारित शिक्षा, स्पोकन इंग्लिश बहरता राम श्रीवास आचार्य खरौद, हिन्दी उन्नयन शिक्षण श्रीमती नीरा आदित्य आचार्य खरौद, गणित उन्नयन शिक्षण सदानंद यादव प्रधानाचार्य खरौद, एनईपी आधारित पंचपदी शिक्षण पद्धति श्रीमती सरिता साहू आचार्य खरौद, शिशु वाटिका के बारह शैक्षिक व्यवस्था श्रीमती लीना शुक्ला शिशु वाटिका प्रभारी खरौद का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यशाला का संचालन श्रीमती सावित्री साहू ने तथा आभार रामकुमार साहू प्राचार्य खरौद द्वारा किया गया।




कार्यशाला में शिक्षकों को जानकारी देते मुख्य अतिथि श्री तिवारी।

#### छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सशिमं में कार्यशाला आयोजित

**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा मे दो दिवसीय वार्षिक कार्य योजना कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंध कार्यकारणी समिति के सभी पदाधिकारी, प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रारम्भ हुआ। इस प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर सभी आचार्यो को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित दिवाकर स्वर्णकार विभाग समन्वय कोरबा ने अनुभव जन्य अधिगम विषय पर प्रकाश डाला। गेंद राम राजपूत विभाग समन्वय बिलासपुर ने मेरा विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय विषय पर प्रकाश डाला। संतोष कुमार कहार प्रधान पाठक ने वैदिक गणित का प्रशिक्षण दिए। इस प्रकार इस प्रशिक्षण में विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकर्षित किया गया और सभी आचार्य को प्रशिक्षित किया गया।। विद्यालय के प्राचार्य ध्रुव कुमार कहार ने कार्यशाला का मार्गदर्शन एवं प्रस्तावना रखा। अभार प्रदर्शन संतोष कुमार आदित्य ने किया।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371